There is bound to be diversity in this country with its various languages, religions etc., but in spite of diversity there is bound to be unity, and there should be unity. But at the same time I want to point out that unity is not uniformity. We are for unity but we are not for uniformity. If you ask a Muslim gentleman why he is having his name as Abdul or Ismail and say that he must convert it into a Hindu name for the sake of uniformity, that is against the harmony of religions, against unity and amity or the spirit of all the people living together. In spite of diversities, we must work for national unity, and at the same time, we should not provoke other people. Communalists, whether Hindu or Muslim, must be brought to book and punished heavily, and that too within a reasonable period of the riots. Only by the strong arm of the law can we put down the riots and by creating goodwill among the major and minor communities in this country.

MR. CHAIRMAN : Shri Bhandare :

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli): Nobody seems to have been punished so far for the Ahmedabad riots. It is only a vain cry. How can you punish without a prosecution ?

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara) : It is almost 3 O'Clock now, and we have 35 minutes before this debate closes. Some of us want to participate in the debate. On Monday it seems that the Bill is to be discussed. When the Bill is discussed, will we be given time before the Minister replies ?

श्री रवि राय (पुरी) : हमारी पार्टी का आदमी अभी बोला नहीं है ।

श्री मु० अ० खां (कासगंज) : समय बढ़ाया जाना चाहिये ।

MR. CHAIRMAN : We will try to accommodate all parties. The Minister does not mind extending the time.

SHRI A. S. SAIGAL (Bilaspur) : I support Shri Dwivedy. The time may be extended.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : सभापति महोदय, निर्णय क्या हुआ है । चार पार्टियां अभी शेष रह जाती हैं, बोलने के लिए । और भी कुछ सदस्य हैं । क्या इनको अगले दिन समय मिलेगा या आज मिलेगा ?

सभापति महोदय : आज तो साढ़े तीन बजे तक यह चलेगा और उसके बाद बन्द हो जाएगा सोमवार को ही मिलेगा । इस पर समय बढ़ायेंगे ।

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central) : My request is that the time for my speech should start from now.

I wish to draw the attention of the House to the following portion in the statement laid on the Table of the House by the Home Minister :

> "I wish to assure the House that we will do all that is within our power and influence to root out communal violence and to preserve and protect the rights of citizens, regardless of their religion or caste, to live in peace, and with honours."

This statement speaks of justice and fair deal for the minorities in India. I have heard speeches dealing with communal riots *vis-a-vis* Muslims and Hindus but very few persons paid attention to the atrocities committed on the backward classes and the Scheduled Castes and Tribes. I am therefore raising my humble voice on behalf of these people on whom atrocities are committed every day. News items have appeared in papers that almost in all the States at some time or the other Harijans had been killed or their women had been raped or their children had been thrown into the well and murdered. Since those attacks take place at different times at different places, they do not get the attention they deserve. At times voices are raised against them but such occasions are few and far between. The result is that nobody bothers what protection should be given to the Harijans and Scheduled Castes. Their voice falls on deaf ears. I heard Shri Jagannath Rao Joshi very carefully speaking of Advaita Vad but he has forgotten *in toto* that the principles of the social system deal with graded inequalities. He has totally forgotten that social system.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI (Bhopal) : It should go.

SHRI R. D. BHANDARE : For thousands of years human beings have not been treated as human beings. If you read the report submitted yesterday by my friend Mr. Basumatari, you will know that untouchability persists and the atrocities continue to be committed on those persons.

SHRI JAGANNATH RAO JOSHI : We want a complete change in the social system. We do not subscribe for them.

SHRI R. D. BHANDARE : You do not subscribe to them but at the same time profess and practise. It is a wonderful fact to reflect upon that the oppressors profess to be our friends and the hypocrites have become advisers. Those who commit atrocities have tried to be our friends and those who are hypocrites have become our advisers.

Therefore I think the acts committed on them must be condemned equally as the acts committed on other minorities. These incidents, communal riots and tensions and atrocities committed on the poor Harijans must be condemned by one and all because they bring a bad name to our country and our people also. At times we become proud and sentimental about our culture. Then at the time we extend the hand to cut the throats of others, our culture never stops anybody, it does not stop our hand. Those diseases which give rise to communal riots and atrocities on the Scheduled Castes must be nipped in the bud. This is the first suggestion that I should like to make. I am aware of the fact that the National Integration Council has formulated the guidelines. I do not want to be very harsh on the Members of the National Integration

Council, because they are also part and parcel of those who commit these atrocities. Am I right, or am I wrong in mentioning these bare facts, naked facts ?

15 hrs.

AN HON. MEMBER : You are wrong.

ANOTHER HON. MEMBER : You are right.

SHRI R. D. BHANDARE : It is very kind of you to accept my proposal. I hope you are not one of those who are doing that. Anyway, the educational system shall have to be so radically changed that the communal and caste feelings must be suppressed and a new ushering in of a renaissance is started so that—

MR. CHAIRMAN : The hon. Member's time is up.

SHRI R. D. BHANDARE : You allowed the other Members to take my own time, and you are not kind enough to give me two or three minutes.

MR. CHAIRMAN : You have taken 15 minutes. Try to finish.

SHRI R. D. BHANDARE : It is very kind of you. Sir, very few people, very few men of public opinion and very few politicians and statesmen have understood the real constitutional position and the meaning of the principle of democratic secularism. We say that religion has no place in the life of an individual.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY : What is democratic secularism ?

SHRI R.D. BHANDARE: It is secularism which is accepted in the democratic programme and accepted and enshrined in the Constitution. That is the meaning. I will give a discourse later on if time permits me. You simply forget as to what is the meaning of secularism. Secularism means, according to some, the negation of religion. That is not so. All religion must stand on the same base and between the same parallels. That is article 25 of the Constitution: all faiths and all religions must be respected equally.

Then, my last suggestion is this. Sir, you are also a public man. I request all politicians and statesman, all the leaders of all political parties, that they should have in their manifesto, if at all they want to change the mind of men, and to educate the people on this question, one thing: they should emphasise in their election manifesto that secularism is the main plank—

AN HON. MEMBER : We have got it.

SHRI R. D. BHANDARE : You have it outwardly; but it must be inward; it must come from within. Therefore, I request that it must be a special plank started by every party so that the trends and tendencies of the communal bias should be nipped in the bud.

With these words, I thank you.

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta North East) : Sir, it is a tragic irony that the fiercest communal massacre after Independence which is reminiscent of the gruesome happenings before and after August, 1947 which led up to the martyrdom of Mahatma Gandhi has occurred in Gandhiji's Gujarat exactly on the eve of Gandhiji's birth centenary. I am glad the Home Minister has said that our very existence as a civilised society is at stake if this kind of happening is allowed to continue. The most fundamental of all rights that a citizen can have, the right to life, liberty and the pursuit of happiness is in jeopardy for a large section of our own people.

Sir, Gandhiji once said—I am quoting his words :

> "If a minority in India, minority on the score of its religious profession, is made to feel small on that account, I can only say that this India is not the India of my dreams."

We are far away from the India of our dreams. We know it for a fact—it is no use trying to get away from it—that our Muslim countrymen around us do have a feeling that they are not safe, their life, their honour, their liberties, they are not safe in this country. It is no use hiding the fact. It is no use trying to say that a certain secret circular has not been issued. The fact of the matter remains that our fellow countrymen are not happy. Can we place a hand on our heart and say that it is not so? Truly, our Muslim fellow countrymen as

[Shri H. N. Mukerjee]

well as the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, to whom a reference was rightly made by Shri Bhandare, they are in agony, they are not happy because of so many dastardly happenings. The Gandhi Centenary has been disgraced and the Sabarmati Ashram itself has been spiritually desecrated when Gandhiji's old Muslim associate was attacked. This is the kind of thing which has happened, which we are discussing in this House at this moment.

Yesterday I listened very carefully to what Shri Morarji Desai had to say and with an air of a padre in a sermon he spoke to us, sugar-coating his vicious shafts. But the net result made me think what a contrast this Morarji performance every time is with the speeches that are made by Khan Abdul Ghaffar Khan, what a contrast between truth telling there and something very different in this House. We have noticed how Shri Morarji Desai has gone ahead in the manner of a communal rioter surreptitiously slipping in a sort of backhand stroke with a knife. He chose to say certain things, particularly in regard to my party. He began, of course, by saying that we had no communal trouble before the British came. Now I am not quarrelling with that because I have no time to go into that. He said, again, that the minorities sometimes start the trouble, they are not blameless and the majority gets irritated. He conceded that a very few people in the minority community may do the damage. But, then, he said in Ahmedabad the slogan was heard, "Pakistan Zindabad" and all sorts of things in regard to Islam and there was no use running down Hindus, as "they are also human". That is what he said.

I do not understand what brand of Gandhism is this. Unless our Muslim fellow countrymen can be assumed to have taken up the vow of suicide; they know very well that in the India of today they cannot have a riot and get away with it. It may be that some of them are criminals. It may be that Pakistan has sent some spies to this country but all of them are not necessarily Muslims. If Pakistan wants to have spies in our country to serve their cause they would deliberately recruit Non-Muslims rather than Muslims. But I cannot for the life of me believe that the Muslim community is suicide-minded in this country, that every time the provocation is from the Muslim side to begin with. I suspect there is something more behind the game which has got to be found out and punished at the root. But that is not done and we are told about the majority community getting irritated and that sort of thing.

Now I have little time and that is why I have to summarise what I have to say. But I must refer to Shri Morarji's sly attack on us. He said a Communist went to Ahmedabad and stayed with a Muslim in whose house a bomb was discovered. Several of my colleagues in this House and in the other House went to Ahmedabad, because they thought it was their duty, and they all put up in the Circuit House and the records will show where they put up. And they went round the city in the transport provided for them by the Peace Committee, transport which had curfew passes given by the local authorities. It is an utter untruth, a complete unmitigated lie for anybody to say that any Communist went to Ahmedabad and stayed with a Muslim, who is a criminal, in whose house something was discovered in connection with the riots. It is a complete unmitigated lie which he has somehow chosen to perpetrate. I went to the service in memorial of Mrs. Alva the other day and something which was read out from the scriptures stuck in my mind, and I felt like saying that in regard to Morarjibhai. 'If the light that is in thee is darkness, how great is that darkness ?' This is the darkness with which we have to contend.

In Ahmedabad, the slogan was raised and everybody heard it :

गद्दार हैं मुसलमान, भेजो उनको पाकिस्तान।

This is the RSS type of propaganda. We know it very well. This is the propaganda which to my shame and consternation, my friend Shri Madhok also appears to countenance with all the strength at his disposal. I say this because Mr. Madhok has been mentioned by name in all kinds of papers in the country, big or small. For example the *Gujarat Herald*, an Ahmedabad daily in its issue of the 8th October, said:

"Two days prior to the temple incident, there was an inciting speech deli-

vered by none other than Mr. Bal Raj Madhok, the Jan Sangh leader, who was threatening Ahmedabad that a Pakistani attack on Gujarat was impending and questioned the loyalty of the Muslim leaguers in the city. He even hinted that there were many Muslims in the city who were Pakistani agents and who owed allegiance to that country."

I could go on multiplying instances of newspaper reports. That is why I referred to this matter.

SHRI BAL RAJ MADHOK : For his information, I may say that the speech is tape-recorded, and if my hon. friend wants, I can bring it and he can listen to what I had said.

SHRI H. N. MUKERJEE : I shall be very happy if Mr. Madhok repudiates all allegations of inciting communal discord I shall be very happy and I would like to pin him down to that averment. It is an obligation and duty which he has taken upon himself in the forum of the nation's Parliament. But when I heard him and read about his having said it, he cannot deny it, about this idea of "Indianisation" of Muslims, I felt sick when; I have read some history, and I know that Muslims in India have never been a bird of passage or of prey. The Muslim is a part of this country. The Muslim in India is part of the Indian earth. I want to repeat what once a Muslim League leader told an audience in my presence before Independence. He was asking for Pakistan, but he said he knew he belonged to this part of the country, and would remain in India—and he added "When a Hindu dies, his body is burnt and the ashes are thrown into the river to be carried by the current, God knows, where. But when a Muslim dies, he needs six feet by three of Indian soil! He belongs to this country in life as well as in death." I want my Muslim fellow-countrymen today, who do not have adequate political leadership, and who are suffering from economic adversity and who are suffering from all kinds of grievances and complaints in regard to non-participation in Government, in every department, so to speak, I want them to have that pride, and I want us all also to come forward in order to help them have that pride. I want this country's Parliament to raise its voice against this idea of Indianisation of whoever does not belong entirely to the Hindu fold. I myself was born a Hindu, and I have imbibed with my mother's milk a great deal of the culture that is basically Hindu, but I know at the same time that if there is anything worthwhile in Indian civilisation, it is the synthesis which has been evolved, and to that synthesis the Muslims have made a stupendous contribution. That is why when I hear such talk about Hindi-Hindu-Hindustan, I am reminded of what happened in Germany before Hitler came to power, and his slogan was '*Ein Volk, Ein Reich, Ein Fuehrer*', that is, one people, one country and one leader; in the same way, we are having this fascistic notion implanted in the minds of our people, which we have got to fight. In regard to this matter, I could go on elaborating because this idea of the synthesis which is the foundation of Indian culture and its shining quality has to be spread and it has to be supported by tangible measures of material economic emancipation which would extend to the under-dog, to the Muslim, to the Scheduled Caste and to everybody so that all of us could stand together. And I say that as a communist, I am proud of befriending the Muslim, because he is the under-dog in this country, just as I befriend the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes. I remember Gandhiji saying, 'If I am to be born again, in this country, I want to be born as an untouchable'. Some of us happen to have been born in some so-called higher castes of Hindudom, but I do wish we could all identify ourselves entirely with the lowliest of the lowly and when I have my sympathy for the Muslim when I am taunted for that and Mr. Morarji Desai takes recourse to strategem and dubious tactics in order to say that communists and Muslims are together, I would say that we are with the Muslims in so far as Muslims are the underdog and the oppressed in our country.

What happened in Gujarat was something inexplicable. Government have appointed some sort of inquiry apparatus, but it is not adequate. Something very much bigger and more comprehensive has to be done about it, because Government does not even know, and does not even tell the world the casualty figure. The casualty figure has been very credibly estimated at about 3000. It is a tremendous thing. How is it

[Shri H. N. Mukarjee]

that the Home Minister had to be there in Ahmedabad and his presence had to goad the Ahmedabad administration to go ahead! How is it that Idgah Mosque and such other places were broken down to rubble in the neighbourhood of a police outpost ? How is it that every report in every reputable paper suggests that Government was dragging its feet, and not doing much and saying that steps would not be taken because the majority community should let off steam and the whole thing would settle down to something like a peaceful settlement ! All these things have taken place. How is it that the Gujarat Government resented Members of Parliament going to Ahmedabad? How is it that when a Minister, Mr. Saleem goes and becomes desperate when he sees the plight of his co-religionists, he comes under obloquy from the Gujarat Government and its friends here ? How is it that Khan Abdul Ghaffar Khan, our greatest guest at the present moment, goes to Ahmedabad and he is sought to be fobbed off with a lie, which was that all the camps were evacuated, meaning thereby that everybody has gone home ? Yesterday, Shri Indulal Yajnik had told us—and he knew it because he was all the time fasting like Shri Morarji Desai but at the same time going round and not sitting somewhere that they had nowhere to go. All these things are mentioned also in all the reputable newspapers. Is it not necessary, therefore, for us to have some investigation properly conducted by the Central Government with whatever agency it thinks fit, in order to pin down the guilt of the morally impeached Gujarat Government? The present probe is inadequate. Something has got to be done about it. The Centre must make its own assessment and act accordingly. The Centre must also make sure that rehabilitation facilities are given properly and truly. The Centre must also ensure that Muslim workers are taken back into employment. The Centre must also investigate the charge which has appeared in the newspapers that Muslim trade unionists, some of whom happen to be communists also, were butchered off in order that the position might be safe for vested interests. All these things require to be done. That is why I say that the siren song of secularism and tolerance is not something which can go on captivating our people for very much longer, or glorified gimmiks like the National Integration Council. I do not want to denigrate the National Integration Council. It might be doing an important job. But merely glorified gimmickry with the National Integration Council passing resolutions and all that would not do. Something very much more is necessary. Muslims and their problems, just as the problems of Scheduled Castes and Scheduled Tribes are ignored. Those problems have got to be tackled. Do we not remember that it was after the demoralisation which set in when the struggle was withdrawn by Mahatma Gandhi that the communal trouble arose in the 1920's from 1923 onwards ? Do we not remember that Mahatma Gandhi himself went on a fast in the house of Maulana Mohammed Ali in Delhi in 1924 ? Do we not remember that those days, the mid-twenties were the period of political demoralisation ? It is only when there is frustration, on account of political and economic degeneration, it is also only on that account, that communal troubles arise. If today, therefore, there is to be any sense in the kind of gestures which some of those people like the Prime Minister make from time to time, if there is any sense in those gestures, you have to do something in order to electrify the country, and then we shall find that the Swatantra-Sangh-Syndicate combine with which perhaps because of the S being there, some of my socialist friends are sometimes found to be together would be broken and that would be defeated and we shall go ahead in order to bring about a different dispensation in our country.

श्री राम शेखर प्रसाद सिंह (छपरा) : सभापति महोदय, मुस्लिम लीग के माननीय सदस्य ने जिन बातों की चर्चा यहां पर की है, उसको सुन कर मुझे बहुत तकलीफ हुई । उन्होंने जिन विचारों को प्रकट किया, उनसे उसी भावना का प्रतिनिधित्व मालूम पड़ता था जो आज देश में फैलती जा रही हैं । माननीय सदस्य ने अपनी जो तकलीफ और दर्द ज़ाहिर किया, उस के लिये हम भी दुखी हैं, हमको भी तकलीफ है और इस सदन का एक एक सदस्य जो यहां पर मौजूद है सबको उसी प्रकार से दर्द हुआ है । जो कुछ भी

अहमदाबाद में हुआ है उसके लिये हम सब लोगों का मस्तक शर्म से झुक जाता है। चाहे वाराणसी हो, रांची हो, जबलपुर हो, जौनपुर हो, जहां कहीं भी इस प्रकार के दंगे हुए हैं—उनमें चाहे हिन्दू मरें या मुसलमान भाई मरें, किसी की भी मृत्यु हो, उसके लिये हम सबको दर्द है।

आपने एक बात का जिक्र किया—मुझे खुशी है कि हमारे गृह मंत्री जी ने तुरन्त उसका खण्डन किया, क्योंकि इस तरह से बातें कह देने का देश पर बड़ा असर पड़ता है। आपने बताया कि होम मिनिस्ट्री से कोई सीक्रेट सर्कुलर गया है कि मुसलमानों को पब्लिक अण्डरटेकिंज़ में नौकरी न दी जाये। अगर ऐसा हुआ होता तो यह वाकई शर्म की बात होती, लेकिन दुख की बात है कि इस किस्म की बातें कह दी जाती हैं और हम लोग उन पर विश्वास कर लेते हैं, लेकिन यह खुशी की बात है कि माननीय गृह मंत्री जी ने तुरन्त ही उसका खण्डन कर दिया।

दूसरी बात हमारे मुस्लिम लीग के माननीय सदस्य ने यह कही कि सरकारी नौकरियों में मुसलमानों की कमी है। छोटे-छोटे पदों पर हो सकता है कि मुसलमानों की कमी हो—यह बात रांची के दंगे के विषय में कही गई थी, लेकिन जब एन्क्वायरी हुई तो पता लगा कि तीन डी० आई० जी० बिहार में मुसलमान थे। इसके अलवा दर्जनों मुसलमान अफसरों के नाम मैं आपको गिना सकता हूं जो वहां पर कलैक्टर और डी० आई० जी० के रैंक में काम कर रहे हैं। इस किस्म की भावना उनके दिल में आई—जिससे मुझे तकलीफ हुई। इस किस्म की गलत भावना हम लोगों के दिलों में नहीं आनी चाहिये, खास कर संसद सदस्यों के दिलों में जो जनता के सामने जवाब-देह हैं। अगर यह भावना बाहर जायगी तो इसका गलत असर पड़ेगा।

सभापति महोदय, मैं बता रहा था कि अहमदाबाद का जो दंगा हुआ है, वह उन भावनाओं का प्रतिविम्ब है जो हम लोगों के चारों तरफ़, हम लोगों के सामने हैं। ये घटनायें क्यों घटीं, ये नई घटनायें नहीं हैं, इस किस्म की घटनायें बार बार घट रही हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्यों घट रही हैं? अंग्रेज़ों के जमाने में अंग्रेज यह समझता था कि हिन्दू और मुसलमान अगर मिल कर रहेंगे तो हम इन पर साम्राज्यवादी शासन नहीं कर सकेंगे, इनको अलग करने के लिए झगड़ा कराना चाहिये और उन्होंने उस झगड़े के बीज बोये, जिसका नतीजा यह हुआ कि बाद में दो-नेशन थ्योरी आई और हिन्दोस्तान का बटवारा हुआ। कुछ लोग पाकिस्तान चले गये, कुछ यहां रह गये। जो लोग यहां रह गये, उनको हमने कभी ऐसा विश्वास नहीं दिलवाया, हमने उन्हें ऐसा प्रेम नहीं दिखाया, जिससे वे समझ सकें कि वे हमारे भाई हैं। जब कभी ज़रूरत पड़ी उनकी प्रोटेक्शन के लिए कुछ लोग आये। लेकिन कुछ लोगों ने उनके सामने ऐसी भावना दिखलाई, जैसे वे लोग अपने को प्रोटेक्टेड नहीं मानते हैं। हमारे दोस्त सलीम साहब ने भी कहा कि उनके दिमाग में ऐसी भावना पैदा हो गई है कि ये लोग यहां पर प्रोटेक्टेड नहीं हैं। जब हमारे लोग ही ऐसी भावना पैदा करेंगे कि वे लोग प्रोटेक्टेड नहीं हैं, तो आम जनता कैसे समझेगी कि वह प्रोटेक्टेड है। यह सरकार का काम है कि उनके अन्दर विश्वास जाग्रत करे। मैं इस बात को मानता हूं और देश का हर नागरिक इस बात को मानता है कि जो भी हिन्दुस्तान में बसता है—हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, किसी भी धर्म को माननेवाला, वह उसी प्रकार का नागरिक है, जिस प्रकार कि हमारी प्रधान मंत्री और गृह मंत्री हैं। हमारे संविधान में किसी भी प्रकार के सन्देह की गुंजाइश नहीं है। लेकिन फिर भी यदि कोई सन्देह करता है तो मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि उसको अपने में ही विश्वास नहीं है। ये घटनायें एक दूसरे में डिस्ट्रस्ट की भावनाओं से घटती हैं। अब जब कि ये घटनायें घट जाती हैं तो मैं इस बात को मानता

[श्री राम शेखर प्रसाद सिंह]

हूं कि जो भी सरकार वहां पर है, उस सरकार की जवाबदेही है कि उन घटनाओं को रोके। अगर सरकार चाहे तो उन घटनाओं को रोक सकती है। मैं इसको ला एण्ड आर्डर प्राबलम नहीं मानता, यह राष्ट्रीय प्राबलम है, मानव प्राबलम है—इस दृष्टि से इसको देखना चाहिए। जो भी राज्य सरकार इन घटनाओं को रोकने में असमर्थ हो जाय, उसको मिलिट्री बुलानी पड़े—तो मिलिट्री तो आम तौर पर इन्टीरियर मामलों के लिए नहीं बुलाई जाती, जब विदेशियों से लड़ाई हो तो उनका मुकाबला करने में उसका इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन जिस ऐसी स्थिति का सामना करने के लिये मिलिट्री को बुलाना पड़े तो समझ लीजिये कि ला एण्ड आर्डर फेल हो गया है, राज्य सरकार अपने उत्तरदायित्व को निभाने में असफल रही है, इसलिये मिलिट्री को बुलाया गया है। मैं समझता हूं कि गुजरात सरकार इस काम को करने में असफल रही, उसकी पुलिस का व्यवहार स्थिति पर काबू पाने में असफल रहा, तभी उन्होंने मिलिट्री को बुलाया और जब मिलिट्री को बुला कर उसको रोका गया तो जवाबदेही सेन्टर की आ जाती है और सैन्टर को चाहिये था कि उन घटनाओं को स्वयं तुरन्त रोकने का प्रयत्न करती।

जब कभी ऐसी घटनायें होती हैं तो यह देखने के लिये कि कौन रेस्पोन्सिबल है, कमीशन बना दिये जाते हैं। कमीशन की रिपोर्ट आती है तो उसको आप वेस्ट-पेपर वास्केट में फेंक देते हैं। इन कमीशनों के बैठाने का क्या लाभ है, यदि आप उनकी सिफारिशों पर कार्यवाही नहीं करते। जैसा कि मैंने पहले कहा है—यह समस्या राष्ट्रीय स्तर पर हल होनी चाहिये और केवल सरकार ही नहीं सामाजिक नेताओं का भी कर्तव्य है, राजनीतिक नेताओं का भी कर्तव्य है कि सब मिलजुल कर समाज में इस किस्म का विश्वास पैदा करायें, खास तौर से अल्पसंख्यकों में यह विश्वास पैदा हो कि वे पुर्णतः सुरक्षित हैं, वरना केवल सरकार के बस की यह बात नहीं है।

श्री राम सेवक यादव (बाराबंकी) : सभापति महोदय, यह बड़े दुख का विषय है कि 22 सालों की आज़ादी के बाद भी हिन्दुस्तान में हिन्दू और मुसलमानों में दंगे होते रहते हैं आज जो आखिरी दंगा गुजरात का हुआ.....

श्री बलराज मधोक : आखिरी वाराणसी का है।

श्री राम सेवक यादव : लेकिन उसके पहले जो गुजरात में हुआ वह अपने किस्म का एक बेनजीर दंगा है क्योंकि स्वतन्त्रता के समय बटवारे के बाद हिन्दू-मुसलमानों का जो दंगा हुआ था, उसके बाद यह सबसे बड़ा दंगा है। लेकिन इसके साथ साथ मुझे यह भी दुख है कि सरकार ने जिन चार बातों का ज्यादा जिक्र किया, उन चार चीजों में यह सरकार उतनी ही ज्यादा असफल रही—1. बाढ़ की चर्चा, 2. हरिजनों की चर्चा, 3. मुसलमानों की सुरक्षा की चर्चा, और 4. समाजवाद की चर्चा। इन चारों में ये बेचारे बुरी तरह से पिटते रहे।

हरिजनों पर स्वतन्त्रता से पहले गोली नहीं मारी जाती थी, लेकिन अब तो वे गोली से मारे जाते हैं। मुसलमानों का एक दंगा हुआ, दूसरा हुआ और उसके बाद जितने दंगे हुए एक दूसरे से ज्यादा हुए, हम उनकी सुरक्षा की बात करते रहे, उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते रहे और ऐसे दिखावटी काम करने की कोशिश होती रही जिससे मुसलमानों के जज़बात उभर जायं, लेकिन जब दंगे होने लगे और पिटने लगे तो हम उनको सुरक्षा न दे सके—यही सब अब तक होता रहा। मैं चाहूंगा कि इस सदन में बहस जम कर हो और इन दंगों का विश्लेषण न करके जो इसके बुनियादी कारण हैं, उनमें जाने का प्रयत्न किया जाय तो शायद कुछ ज्यादा

सफलता हो सकेगी और हम आगे के बारे में सोच सकेंगे । यहां पर हिन्दू-मुसलमानों के दंगे क्यों होते हैं ? एक माननीय सदस्य ने कहा और सही कहा है, मैं भी कहना चाहता हूं कि केवल हिन्दू-मुसलमान ही नहीं, हिन्दुओं के अन्दर भी साम्प्रदायिकता के आधार पर, जाति प्रथा के आधार पर झगड़े हो रहे हैं, जानें जा रही हैं, लोगों की चीजों को लूटा जा रहा है—यह भी एक पहलू है जिस पर ध्यान देना चाहिये । अब तक तो इन दंगों के लिये अंग्रेज़ जिम्मेदार था, जो हिन्दू मुसलमानों के दंगे कराता था और उसके सहारे हिन्दुस्तान में अपने पैर जमाये हुए था, लेकिन चलते चलते एक मुश्तकिल दर्दे-सिर दे गया, पाकिस्तान बन गया, जिससे बजाय इसके कि हिन्दू-मुसलमानों के दंगे खत्म हों, सदैव चलते रहेंगे । अगर इसके बारे में गम्भीरता से विचार नहीं हुआ और मैं उन सभी लोगों से, सभापति महोदय, जो आज मुसलमानों की सुरक्षा के लिये बहुत बेचैन हैं, निवेदन करूंगा—ज़रा अपने सीने पर हाथ रख कर सोचो कि क्या कभी उनका हाथ पाकिस्तान बनवाने में नहीं था ? जब उन्होंने पाकिस्तान बनवाने की पूरी कोशिश की और बराबर पाकिस्तान के नारे के साथ रहे तो क्या उन्होंने नहीं सोचा था कि एक खतरनाक चीज़ पैदा हो जायगी ।

15.30 hrs.

[SHRI K. N. TIWARI *in the Chair*.]

मैं कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान चाहे कमजोर हो या शक्तिशाली, पाकिस्तान के खुद के अस्तित्व के लिए हिन्दू मुस्लिम झगड़े जरूरी हैं और वे चलते रहेंगे।...**(व्यवधान)**... मैं श्री बलराज मधोक जी से कहूंगा कि वे बहुत प्रसन्न मत हों । ...**(व्यवधान)**... मैं कहना चाहूंगा कि हम चाहते हैं कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का महासंघ बने, दोनों देश एक हो जायें । महासंघ की हमारी और आपकी नीति में एका है लेकिन हमारे रास्ते अलग-अलग हैं । आप 6 करोड़ मुसलमानों को देशद्रोही कहेंगे और 15 करोड़ मुसलमानों को मिलायेंगे, ये दोनों बातें एक दूसरे से मेल नहीं खातीं हैं । इसलिए मैं कहूंगा ..... **(व्यवधान)** . . . .

श्री बलराज मधोक : मैं ६ करोड़ मुसलमानों को देशद्रोही नहीं कहता, मैं श्री यूनस सलीम को देशद्रोही कहता हूं । ....**(व्यवधान)**...

श्री मु० अ० खां (कासगंज) : मुझे इस बात पर बड़ा सख्त एतराज है...**(व्यवधान)** है...

श्री बलराज मधोक : मैं श्री यनस सलीम का नाम वापिस लेता हूं और शेख अब्दुल्ला को कहता हूं । श्री यूनस सलीम इस सदन के सदस्य हैं इसलिए मैं अपना शब्द वापिस लेता हूं और अब्दुल्ला को देशद्रोही कहता हूं । . . . **(व्यवधान)** . . . .

श्री राम सेवक यादव : मैं चाहता हूं कि आज मुसलमानों और हिन्दुओं के राष्ट्रीयकरण की जो चर्चा चलती है उसके स्थान पर इस तरह की चर्चा चलाई जाय कि आज देश के लोगों का आधुनिकीकरण हो, उनका नये तरह का दिमाग बने और तभी इस समस्या का हल हो सकता है । मैं सत्तारूढ़ दल के ऊपर आरोप लगाना चाहता हूं और वह आरोप यह है कि सत्तारूढ़ दल ने अपनी खुद की कुर्सी और गद्दी मजबूत करने के लिए मुसलमानों की सुरक्षा का नारा केवल उनके जजबात के साथ खिलबाड़ करने के लिए लगाया ताकि उनके वोट झुंड के झुंड के साथ हासिल किये जा सकें और खुद की गद्दी मजबूत बनी रहे । लेकिन जहां तक उनकी बेकारी और बेरोजगारी दूर करने का सवाल है, उनको नौकरियों में स्थान देने का सवाल है, उनको वह जगहें नहीं मिल पाती हैं । मैं चाहता हूं कि यह सस्ता नारा और खिलवाड़ बन्द किया जाये ।

सभापति महोदय : अब साढ़े तीन हो गए हैं, आप सोमवार को कन्टीन्यू कीजियेगा ।

श्री रवि राय : मैंने आपसे पहले सभापति महोदय से विनती की थी, ये अभी दस मिनट

[श्री रवि राय]

में समाप्त कर देंगे । सोमवार को ये यहां पर नहीं रहेंगे ।

श्री राम सेवक यादव : तो मैं यह कह रहा था कि यह खिलवाड़ बन्द होना चाहिए । मैं सरकार को याद दिलाना चाहता हूं कि जब बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से "हिन्दू" शब्द निकालने का निर्णय हुआ, यहां पर निश्चय हो गया और वह राज्य सभा में गया तो फिर एकदम से उसको हटा लिया गया । वह इस सरकार की कमजोरी का द्योतक था । इस तरह की कमजोरी को लेकर इस हिन्दू मुसलमान के सवाल को हल नहीं किया जा सकता है । मैं चाहता हूं कि मुस्लिम विश्वविद्यालय जाये, मैं चाहता हूं कि हिन्दू विश्वविद्यालय जाये और मैं चाहता हूं कि ब्राह्मण विश्वविद्यालय जाये । कहार, कुर्मी, अहीर, राजपूत, इस तरह के नामों से जितने भी संस्थान चलते हैं वह जायें । अगर आप उनको खत्म नहीं करते हैं तो यह बीमारी नहीं जा सकती है ।

धर्म की बात चलती है । मैं कहना चाहता हूं कि सचमुच में जो असली धर्म हैं; हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई, उन असली धर्मों में और असली राजनीति में कोई द्वंद् नहीं है । दोनों ही समाज के लिए हैं जनता के लिए हैं । लेकिन कुछ नकली-धर्म भी चल गए हैं । नकली धर्म क्या है ? कौन हिन्दू है ? चोटी वाला । कौन हिन्दू है ? जनेऊ वाला । कौन हिन्दू है ? चन्दन वाला, चौके वाला । कौन मुसलमान है । दाढ़ी लगाने वाला या बुर्का पहनने वाले मुसलमान हैं । तो जब तक ये भेदभाव की बातें रहेंगी तब तक असली धर्म नहीं चलेगा । मैं गांधी, खान अब्दुल गफ्फार खां और पुराने नेताओं का भी जिक्र करूं । कौन थे कबीर जिनको हिन्दू-मुसलमान दोनों ही अपना कहते थे ? कबीर ने कहा था हिन्दुओं से :

जो तू बाह्मन बह्मनी जाया,
आन वाट हो काहे न आया ।

और मुसलमानों से कहा :

जो तू तुर्क तुर्कनी जाया,
पेटहिं खतना क्यों न कराया ।

हमारे साथी इसहाक सम्भली दाढ़ी पर ध्यान रखें—वे तो साम्यवादी हैं । तो यह ताम झाम बन्द होना चाहिए । . . . **(व्यवधान)** . . मैं समाप्त कर रहा हूं ।

मैं कहूंगा कि सरकार ने सचमुच में इतिहास को ठीक से लिखाया होता, आजादी के फौरन बाद इस सरकार ने समाचार-पत्रों को ठीक से इस्तेमाल किया होता, आकाशवाणी का सही इस्तेमाल किया होता, पाखंड, ढोंग और पुराने अंध विश्वासों के खिलाफ लड़ाई लड़ी गई होती, साहित्यक किस्म के ब्राडकास्ट होते और गोष्ठियां होतीं तो सफलता मिल सकती थी लेकिन इस सरकार ने केवल नाटक खेला । मैं चाहता हूं कि समान सिविल कोड हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई सभी के लिए हो । डा० लोहिया फरुखाबाद में चुनाव लड रहे थे, वहां पर उन्होंने कामन सिविल कोड की बात की थी । लेकिन श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी जो कि आज प्रधान मंत्री हैं उन्होंने उस बात को अपना राजनीतिक फायदा उठाने के लिए इस्तेमाल किया था । पर उपदेश कुशल बहुतेरे । सरकार की कथनी और करनी में भेद है । यह गद्दी बचाने का रास्ता तो हो सकता है लेकिन देश और समाज को बचाने का रास्ता नहीं हो सकता है । मैं कहूंगा कि जब इस तरह की चीजें चलाई जायेंगी तभी साम्प्रदायिकता से छुटकारा मिलेगा । मैं मधोक जी और जोशी जी से भी कहना चाहता हूं कि जब तक हिन्दुओं में चोटी की प्रथा समाप्त नहीं होती, वर्णाश्रम का अन्त नहीं होता तब तक संकीर्णता समाप्त नहीं होगी । आज स्थिति यह है कि जो आपका वर्णाश्रम है वह समाज के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है, उसको

खत्म करो । लेकिन इसका भरोसा नहीं है ।. . . (**व्यवधान**) . . . आप कोई कार्यक्रम नहीं बनाते हैं। सिद्धान्त पर उठकर सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रम बनाओ, पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष अवसर और समान अवसर दो, उसमें योग्यता की कसौटी नहीं बल्कि अवसर की कसौटी बनाओ तो फिर बनेगा देश, बनेगा समाज और मिटेंगे ढोंग लेकिन यह इस बातचीत से नहीं होगा ।

15.38 hrs.

DRUGS AND MAGIC REMEDIES (OBJECTIONABLE ADVERTISEMENTS) AMENDMENT BILL*

(*Amendment of Section* 2)

श्री यशपाल सिंह (देहरादून) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भेषज तथा चमत्कारी उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954, में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाए ।

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Drugs and Magic Remedies (Objectionable Advertisements) Act, 1954."

The motion was adopted.

श्री यशपाल सिंह : मैं विधेयक पेश करता हूं ।

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Amendment of Article* 83 *and substitution of Fourth Schedule*)

श्री यशपाल सिंह (देहरादून) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाए ।

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India".

The motion was adopted.

श्री यशपाल सिंह : मैं विधेयक पेश करता हूं ।

MR. CHAIRMAN : Shri Umanath. Absent. Shri Salve. Absent.

15.40 hrs.

PUBLIC UNDERTAKINGS (COMPULSORY APPROVAL OF AGREEMENTS) BILL—*Contd.*

MR. CHAIRMAN : We now take up further consideration of the following motion moved by Shri S. S. Kothari on the 22nd August, 1968:—

> "That the Bill to provide for compulsory scrutiny and approval by a Central Authority of agreements entered into by public undertakings and matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

बहुत से लोग बोलने वाले हैं । मैं यह रिक्वेस्ट करूंगा कि माननीय सदस्य जितना कम समय लें उतना अच्छा है ।

श्री कंवरलाल गुप्त (दिल्ली सदर) : इस बिल पर कितना समय था और कितना हो गया ? इस पर कितने बोलने वाले हैं ?

सभापति महोदय : इसके लिए एक घंटा रक्खा गया था, लेकिन 2 घंटे 29 मिनट आलरेडी हो चुके हैं ।

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak) : Shri Kanwar Lal Gupta's Bill is very important and we want to speak on it. This Bill should take hardly 10 or 15 minutes more, and the Minister should reply.

सभापति महोदय : इस पर 17 लोग बोल चुके हैं और 4 और बोलने वाले हैं ।

श्री कंवरलाल गुप्त : आप समय बतला दीजिये, मैं उस वक्त हाजिर हो जाऊंगा ।

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 5-12-69.